प्रारम्भिक संबोधन

माननीय सदस्यगण,

नए वर्ष में षोड्श बिहार विधान सभा के पंचम सत्र के शुभारंभ पर मैं आप सभी माननीय सदस्यों का हार्दिक अभिनन्दन करता हूँ ।

वर्त्तमान सत्र के दौरान कुल 23 बैठकें निर्धारित हैं, जिसमें राज्यपाल के अभिभाषण के धन्यवाद प्रस्ताव पर विमर्श, वित्तीय वर्ष 2017-18 के आय-व्ययक के व्यवस्थापन के अलावा अन्य वित्तीय कार्य, राजकीय विधेयक एवं गैर सरकारी संकल्प लिये जाऐंगे ।

विगत दिनों आप सबों के सक्रिय एवं उत्साहपूर्ण सहयोग से बिहार विधान सभा का स्थापना दिवस मनाया गया । इस कार्यक्रम में इस सदन के पूर्व सदस्यगण की भी भागीदारी हुई । विशेष रूप से आप सबों ने सामाजिक संवदेनशीलता दिखाते हुए प्रदेश के रूग्ण एवं जरूरतमंद लोगों के लिए जो रक्तदान किया इसके लिए आप बधाई के पात्र हैं । इसकी सर्वत्र प्रशंसा हुई है और पूरे देश में इसे एक नजीर के रूप में देखा जा रहा है ।

आपको यह जानकर प्रसन्नता होगी कि इस बीच सभा सचिवालय द्वारा आप सबों की सुविधा हेतु दो मोबाईल ऐप जारी किये गये हैं । एक ऐप बिहार विधान सभा के नाम से है जो सभी स्मार्ट फोन पर क्रियाशील रहेगा । इसमें मंत्रिपरिषद् के सदस्यों सहित सभी माननीय सदस्यों के प्रोफाईल, समिति की बैठकों, सभा सचिवालय के महत्त्वपूर्ण कार्यक्रमों एवं दिन-प्रतिदिन की अन्य गतिविधियों की जानकारी सभी सदस्यों को मोबाईल फोन पर मिलती रहेगी । दूसरे ऐप का नाम **'स्वास्थ्य समीक्षा एंड्रायड एप्लीकेशन (SS App)'** है । इससे माननीय सदस्य अपने इलाके के महिलाओं एवं बच्चों के स्वास्थ्य संबंधी आँकड़ों, सरकार की योजनाओं एवं स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता के सम्बन्ध में सूचनाऐं अपने मोबाईल पर प्राप्त कर सकेंगे ।

Contd....2..

आप सभी माननीय सदस्यों की सुविधा के लिए सदन के अंदर बैठने की हरेक पंक्ति में अब माईक के साथ-साथ ईयर फोन की भी व्यवस्था की गई है, जिससे आपको सभा की कार्यवाही में भाग लेने में सहुलियत होगी ।

संसदीय लोकतंत्र में विधायी निकाय जनप्रतिनिधियों के लिए विमर्श केन्द्र होता है । सार्थक विमर्श ही प्रदेश की समस्याओं का निवारण करने में सहायक हो सकती है । अतः सदन में विमर्श की स्थिति एवं माहौल बनाना हम सबका कर्त्तव्य है । हमें राज्य की समस्याओं के प्रति संवेदनशील रहना होगा, साथ ही सदन में वाद-विवाद को स्तरीय बनाने हेतु भी लगातार प्रयत्न करने होंगे ।

मुझे आशा एवं विश्वास है कि सदन के सफल संचालन में आपका सकारात्मक सहयोग प्राप्त होगा ।

धन्यवाद !

❄❄❄❄❄